श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1145

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

ईएसआई योजना की राजस्थान में कवरेज

1145. श्री हरीश चंद्र मीना:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राजस्थान और देश के 103 जिलों, जो कर्मचारी राज्य बीमा(ईएसआई) योजना के अंतर्गत आंशिक रूप से कवर हैं, में पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने गैर-अधिसूचित या आंशिक रूप से अधिसूचित जिलों में ईएसआई योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने के लिए कोई नई पहल या योजना शुरू की है और यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) और (ख): कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत राजस्थान पूर्ण रूप से अधिसूचित है। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 58 के अनुसार, राज्य सरकार बीमित व्यक्तियों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगी। ईएसआई कॉर्पोरेशन ने राज्य सरकारों से शेष क्षेत्रों के कवरेज के लिए चिकित्सा व्यवस्था स्थापित करने का अनुरोध किया है।

****